# हिन्दी प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी चंडीगढ़
## (तिथि 3 मई 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के अन्य पिछड़ा वर्ग समाज से आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार बनाने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।
- आज हरियाणा मे हिसार व बाबैन सहित विभिन्न स्थानों पर भगवान परशुराम जयंती का आयोजन किया गया ।
- कैबिनेट मंत्री अरविन्द शर्मा ने कहा कि सहकारिता विभाग के डिजिटलाइजेशन का काम अंतिम चरण मे है।
- भारत आ रहे मार्शल आइलैंड्स ध्वज के एल.पी.जी. टैंकर, एमटी सर्व शक्ति, ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार किया । 13 मई को भारत पहुंचेगा ।
- नीट की परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई , हरियाणा सरकार ने परीक्षार्थियों के लिए रोडवेज की विशेष बसों का प्रबंध किया ।
- मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में कल और परसों कहीं कहीं 50 से 60 किलोमीटर की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना जताई ।

---------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के अन्य पिछड़ा वर्ग समाज से अगले विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। श्री सैनी आज पंजाब के रूपनगर में अन्य पिछड़ा वर्ग समाज के सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा दो दिन पहले "मजदूर दिवस" के अवसर पर बुलाए गए विधानसभा के विशेष सत्र पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि दुख की बात है कि लंबे समय तक इस समाज को पंजाब में वह सम्मान और अवसर नहीं मिला, जिसका यह वास्तविक हकदार था।

श्री नायब सिंह सैनी ने आगे कहा कि जब से देश की बागडोर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के हाथों में आई है। तब से सामाजिक न्याय को केवल नारे के रूप में नहीं, बल्कि नीति और नियत दोनों के रूप में लागू किया गया है। प्रधानमंत्री जो स्वयं अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं, ने हमेशा समाज के वंचित, पिछड़े और गरीब वर्गों को मुख्यधारा में लाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मंत्रिमंडल में 27 ओ.बी.सी. मंत्री हैं। आज देश के भाजपा शासित 5 राज्यों में ओ.बी.सी. समाज के मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में सभी वर्गों को बराबर प्रतिनिधित्व दिया जाता है।

श्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ओ.बी.सी. आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया, यह एक ऐतिहासिक कदम था।

---------------------------------------------------------------------------------

भगवान परशुराम जयंती महोत्सवों की कड़ी में आज हिसार में ब्राह्मण सभा द्वारा परशुराम जयंती महोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया। आज के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए सहिकारिता एंव पर्यटन मंत्री श्री अरविन्द शर्मा ने बताया कि अक्षय तृतीया पर शुरू हुए यह महोत्सव सभी जिलों में अलग-अलग जगह मनाए जा रहे हैं।

पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए सहिकारिता एंव पर्यटन  मंत्री अरविन्द शर्मा ने कहा कि सहिकारिता विभाग के डिजिटलाइजेशन का काम चरम पर है। पर्यटन को भी आगे बढ़ाया जा रहा हैं। किसानों के सवाल पर उन्होंने कहा कि किसान को कहीं भी कोई भी तकलीफ नहीं होने दी जाएगी।विपक्ष बेवजह मुद्दा बनाती है लेकिन सरकार ने किसानों को फसल की खरीद और अदायगी में कोई परेशानी नहीं आने दी है।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने आज बाबैन में आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर श्रीमती सुमन सैनी ने कहा कि भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का जीवन साहस, त्याग, तपस्या और धर्म की रक्षा का प्रतीक है। उन्होंने यह संदेश दिया कि जब समाज में अन्याय और अधर्म बढ़ जाए, तब चुप रहना उचित नहीं, बल्कि उसके खिलाफ खड़े होना ही सच्चा धर्म है। उनके जीवन की यह शिक्षा आज भी हमारे लिए उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी हजारों साल पहले थी। श्रीमती सैनी आश्वासन दिया कि ब्राह्मण समाज की सभी मांगों को मुख्यमंत्री से पूरा करवाया जाएगा। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा व युवतियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।उन्होंने ब्राह्मण सभा को 11 लाख रुपए और भाजपा वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा ने 5 लाख रुपए देने की घोषणा की।

---------------------------------------------------------------------------------

भारत आ रहे मार्शल आइलैंड्स ध्वज के एल.पी.जी. टैंकर, एमटी सर्व शक्ति, ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर लिया है। इसमें 46 हजार 313 मीट्रिक टन एलपीजी है और 18 भारतीयों सहित चालक दल के 20 सदस्य सवार हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस टैंकर के 13 मई तक विशाखापत्तनम पहुंचने की उम्मीद है।

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने  कहा है कि क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और भारतीय ध्वज वाले जहाजों से जुड़ी कोई घटना दर्ज नहीं की गई है।

-------------------------------------------------------------------------

हरियाणा और चंडीगढ़ में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आज ली गई नीट की परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। नीट परीक्षा के लिए चंडीगढ़ में 6 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे, जिनमें  लगभग 2, 854 परीक्षार्थी परीक्षा देने बैठे।

हिसार से हमारे संवाददाता ने बताया कि हिसार में प्रदेश के अन्य जिलों से 6000 से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। राज्य सरकार ने परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्रों तक पहुँचने के लिए हरियाणा रोडवेज़ की विशेष बसों का इंतज़ाम किया गया।

परीक्षार्थियों ने कहा की बस अड्डे बच्चों को परीक्षा केंद्रों पहुँचने के लिए के गई व्यवस्था से उन्होंने काफी राहत मिली। एक छात्र नवीन ने बताया –

एक अन्य छात्र सुरेंदर ने कह कि इससे परीक्षा केंद्रों में पहुँचने में बहुत आसानी हुई ।

भिवानी जिले में भी आज नीट-यूजी परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर प्रशासनिक स्तर पर पूरी तैयारियां की गई थी। परीक्षा के लिए भिवानी जिला में विभिन्न स्थानों पर कुल 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए। जिनमें 3 हजार 817 बच्चों ने नीट की परीक्षा दी। भिवानी में भी बच्चों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए रोडवेज द्वारा बसों की व्यवस्था की गई ताकि बाहर से आने वाले विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े।

-----------------------------------------------------------------------

मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में कल और परसों कहीं कहीं, ग़रज़ व चमक के साथ 50 से 60 किलोमेटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने और ओलावृष्टि होने की संभावना जताई है। ओलावृष्टि होने से तापमान में गिरावट दर्ज होगी। विभाग ने कहा है कि 6 मई को भी कहीं कहीं गरज चमक के साथ 40 से 50 किलो मीटर प्रति घंटा के रफ्तार से आंधी चलने की संभावना है और आज भी दोनों प्रदेशों के कुछेक इलाकों में ऐसी संभावना बनी रहेगी।

-----------------------------------------------------------------------

फरीदाबाद के सेक्टर-16 स्थित सामुदायिक केंद्र में आज खेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए फुटबॉल, बैडमिंटन और बास्केटबॉल मैदान का लोकार्पण किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा के राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने इस अवसर पर मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि इस स्टेडियम का निर्माण एम श्री एम फाउंडेशन द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत कराया गया है, जो शहर के विकास में एक सराहनीय योगदान है। उन्होंने कहा कि यह खेल परिसर बच्चों और युवाओं के लिए लाभकारी साबित होगा, जहां उन्हें प्रशिक्षित कोचों द्वारा विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण मिलेगा।